बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक / 206 /अका./ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 17/03/2020

## //कार्यपरिषद बैठक का कार्यवाही विवरण//

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर छत्तीसगढ़ के 26वीं कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 13.03.2020 को अपरान्ह 12.00 बजे विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। उक्त बैठक का कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार सिंह ,<br>कुलपति,<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष |
| 2. | माननीय श्री रेखचंद जैन, विधायक<br>86 जगदलपुर | विधानसभा सदस्य |
| 3. | डॉ. कोमल सिंह शार्वा, प्राचार्य<br>शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उतई | प्राचार्य – सदस्य |
| 4. | डॉ. व्ही. विजयलक्ष्मी मूर्ति, प्राचार्य<br>शास. काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर | प्राचार्य – सदस्य |
| 5. | डॉ. के. इंदिरामूर्ति, प्राध्यापक<br>शास. काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर | संकायाध्यक्ष – सदस्य |
| 6. | डॉ. आर.के. हिरकने, प्राध्यापक<br>शास. दन्तेश्वरी पी.जी. महाविद्यालय दन्तेवाड़ा | संकायाध्यक्ष – सदस्य |
| 7. | श्री आई.पी.तिवारी, प्राचार्य<br>श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर | प्राचार्य – सदस्य |
| 8. | संभागीय संयुक्त संचालक,<br>(कोष, लेखा एवं पेंशन) बस्तर जगदलपुर | सदस्य |
| 9. | डॉ. व्ही.के.पाठक,<br>कुलसचिव,<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सचिव |

आमंत्रित सम्माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष की अनुमति से कार्यवाही प्रारंभ की गई।



17 MAR 2020

**विषय क्रमांक –1**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के पूर्व बैठक के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

**निर्णय :–**

कार्यपरिषद के सम्माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से 25वीं कार्यपरिषद बैठक के कार्यवाही विवरण की सम्पुष्टि की गई।

**विषय क्रमांक –2**

दिनांक 12/03/2020 को आयोजित विद्यापरिषद बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए गये निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णय :–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा दिनांक 12.03.2020 को आयोजित विद्यापरिषद बैठक में लिए निर्णयों को सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक –3**

बस्तर विश्वविद्यालय के बजट वित्तीय वर्ष 2019–20 का पुनरीक्षित बजट अनुमान एवं वित्तीय वर्ष 2020–21 का बजट अनुमान तैयार कर वित्त समिति की बैठक दिनांक 15.01.2020 में पारित किया गया है। संबंधित बजट की एक प्रति माननीय कार्यपरिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मिति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक –4**

बस्तर विश्वविद्यालय का नामकरण **''शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय''** किये जाने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

डिप्टी कलेक्टर, वास्ते कलेक्टर, जिला–बस्तर, जगदलपुर के संलग्न पत्र क्रमांक/07/चार–09/ज्ये.लि.–3/2016–20 जगदलपुर, दिनांक 25.01.2020 के अनुसार आयुक्त, बस्तर संभाग, जगदलपुर एवं श्री शैलेष पाण्डेय, माननीय विधायक बिलासपुर के द्वारा बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर का नामकरण **''शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय''** किये जाने के संबंध में माननीय मोहन मरकाम जी, अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमेटी को पत्र प्रेषित किया गया है तथा संयुक्त संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर अटल नगर के द्वारा भी बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर का नाम ''शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय'' किये जाने के संबंध में अभिमत सहित प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है।

उक्त पत्र के संबंध में '**शहीद महेन्द्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर, जिला–बस्तर (छत्तीसगढ़)**' किये जाने के संबंध में अभिमत सहित अनुशंसा डिप्टी कलेक्टर, वास्ते कलेक्टर, जिला–बस्तर, जगदलपुर को उपलब्ध कराया जा सकता है।



17 MAR 2020

निर्णय :–

बस्तर विश्वविद्यालय का नामकरण ''**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर, जिला–बस्तर (छत्तीसगढ़)**'' किये जाने का निर्णय लिया गया।

**विषय क्रमांक –5**

दिनांक 30.12.2019 को आयोजित कार्यपरिषद की 25वीं बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से विषय क्रमांक 5 एवं 6 के निर्णयानुसार लोक निर्माण विभाग से प्राक्कलन प्राप्त कर मरम्मत/नवीन कार्य कराया जाना था। लोक निर्माण विभाग, जगदलपुर से निम्नानुसार प्राक्कलन प्राप्त हुआ है :–

| क्र. | कार्य का नाम | लागत |
|---|---|---|
| 1 | Detailed Estimate for Construction of Cement Concrete Road in Campus of Bastar University, Dharampura, Jagdalpur (P.G. College Road to Main Gate of University) (Length-35m) | Rs. 3.20 Lakhs |
| 2 | Detailed Estimate for Construction of Cement Concrete Road in Campus of Bastar University, Dharampura, Jagdalpur (For Widening of Existing CC road) (Length - 460m) | Rs. 30.76 Lakhs |
| 3 | Detailed Estimate for Construction of Cement Concrete Road in Campus of Bastar University, Dharampura, Jagdalpur (Front of Engineering College Side Gate of University) (Length -20m) | Rs. 2.17 Lakhs |
| 4 | Detailed Estimate for Construction of Cement Concrete Road in Campus of Bastar University, Dharampura, Jagdalpur (Colony Road) (Length -270m) | Rs. 18.28 Lakhs |
| 5 | Detailed Estimate for Construction of Cement Concrete Road in Campus of Bastar University, Dharampura, Jagdalpur (Academic Building to Existing University Road) (Length -30m) | Rs. 2.64 Lakhs |
| | **Total** | **Rs. 57.05 Lakhs** |

उक्त तालिका के बिन्दु क्रमांक 1 एवं 3 में दर्शित निर्माण कार्यों को दिनांक 20.02.2020 को आयोजित दीक्षांत समारोह को दृष्टिगत रखते हुए प्राक्कलन अनुसार निर्माण कार्य कराया गया है तथा शेष कार्यों को प्राक्कलन अनुसार मरम्मत/नवीन कार्य कराने की स्वीकृति एवं उक्त सभी कार्य विश्वविद्यालय के परीक्षा मद से कराये जाने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णय :–

बिन्दु क्रमांक 1 एवं 3 में दिये गये निर्माण कार्यों का कार्योत्तर स्वीकृति के साथ तालिका में उल्लेखित सभी निर्माण कार्यों के प्राक्कलन अनुसार निर्माण कार्य विश्वविद्यालय मद से किये जाने का निर्णय लिया गया है।



17 MAR 2020

**विषय क्रमांक –6**

विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के अध्यादेश क्रमांक 5 के कंडिका 20 (vi) के अनुसार बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के सत्र 2019–20 के विभिन्न परीक्षाओं के आने वाले नकल प्रकरण का निराकरण करने हेतु UFM कमेटी का गठन निम्नानुसार किया जाना है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यपरिषद का सदस्य | – | सदस्य |
| 2. | संकायाध्यक्ष का सदस्य | – | सदस्य |
| 3. | विद्यापरिषद का सदस्य | – | सदस्य |
| 4. | कुलसचिव | – | पदेन सचिव |

उक्त बिन्दु क्रमांक 01 से 03 तक के सदस्यों में से किसी एक सदस्य को कार्यपरिषद द्वारा UFM कमेटी का अध्यक्ष मनोनित किया जाना है।

उपर्युक्त बिन्दु क्रमांक 1 से 3 तक के सदस्यों का नियुक्ति करने संबंधी प्रस्ताव अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत। (प्रस्ताव संलग्न है)

**निर्णय :–**

UFM कमेटी नियमानुसार गठन करने हेतु माननीय कुलपति महोदय को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया है।

**विषय क्रमांक –7**

दिनांक 30.12.2019 को आयोजित कार्यपरिषद की 25वीं बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से विषय क्रमांक 4 के निर्णयानुसार बस्तर विश्वविद्यालय के आवासीय भवनों का आवश्यक मरम्मत, रंगरोगन आदि कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग से प्राक्कलन प्राप्त कर कराया जाना है। उपरोक्तानुसार समस्त आवासीय भवनों में निवासरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भवनों में मरम्मत /नवीन कार्य हेतु दिये गये प्रस्ताव अनुसार प्राक्कलन तैयार करने हेतु लोक निर्माण विभाग, जगदलपुर को पत्र प्रेषित किया गया है। प्राक्कलन प्राप्त होते ही प्राक्कलन अनुसार मरम्मत, रंगरोगन आदि कार्यों को आगामी वित्तीय वर्ष/बजट वर्ष 2020–21 में निर्धारित मद से वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व कराये जाने के संबंध में निर्णय हेतु प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

बस्तर विश्वविद्यालय के आवासीय भवनों का आवश्यक मरम्मत, रंगरोगन आदि कार्यों को लोक निर्माण विभाग, जगदलपुर के प्राक्कलन अनुसार वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व कराये जाने का निर्णय लिया गया है।



17 MAR 2020

**विषय क्रमांक –8**

एम.सी.ए. अध्ययनशाला में संविदा में कार्यरत श्री प्रमोद सिंह एवं श्री राघवेन्द्र पटेल, सहायक प्राध्यापक का पुनः एक वर्ष के लिये संविदा नियुक्ति किया गया है। प्रकरण सूचनार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

कार्यालयीन आदेश क्रमांक 3126/ब.वि.वि./सा.प्रशा./2019 जगदलपुर, दिनांक 23.01.2019 के अनुसार सत्र 2019–20 में निम्नलिखित संविदा सहायक प्राध्यापक के पद पर एक वर्ष के लिये नवीनीकरण किया गया था।

1– श्री प्रमोद सिंह, पिता –श्री जनमेंजय सिंह

2– श्री राघवेन्द्र पटेल, पिता– श्री पन्नालाल पटेल

उपरोक्त संविदा सहायक प्राध्यापक की सेवाएँ 01 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात् कार्यालयीन आदेश क्रमांक 253/ब.वि.वि./सा.प्रशा./2020 जगदलपुर, दिनांक 03.02.2020 के अनुसार पूर्व में दिये गये नियम शर्तो के अधीन एम.सी.ए. विभाग में पुनः एक वर्ष के लिये दिनांक 28.01.2020 से नवीनीकरण संविदा नियमों के अनुसार किया गया है।

**निर्णय :–**

सूचना ग्रहण की गई। संविदा भर्ती करने संबंधी नियमावली आगामी कार्यपरिषद बैठक में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

**विषय क्रमांक –9**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के 10 अशैक्षणिक पदों की भर्ती करने के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में 10 अशैक्षणिक पदों में सीधी भर्ती के लिए जारी विज्ञापन अनुसार लिखित परीक्षा का आयोजन माह नवम्बर 2019 में किया गया है। लिखित परीक्षा आयोजन के पश्चात् बस्तर संभाग में विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड का गठन किये जाने संबंधी छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के अधिसूचना एवं छ.ग. राजपत्र असाधारण में प्रकाशन दिनांक 04.09.2019 के विश्वविद्यालय के संज्ञान में आने पर विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय से मार्गदर्शन हेतु पत्राचार किया गया था।



17 MAR 2020

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर का पत्र पृ.क्रमांक 3686 / 916 / 2019 / 38–2 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 24.02.2020 के अनुसार एवं कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय का पत्र क्रमांक 702 / 173 / आउशि / वि.वि.अनु. / 202 नवा रायपुर, दिनांक 26.02.2020 के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग के अधिसूचना दिनांक 04.09.2019 द्वारा विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड का गठन किया गया है। उक्त अधिसूचना के पैरा 6 में स्पष्ट उल्लेख है कि ''संबंधित विभागों के भर्ती नियमों तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए चयन प्रक्रिया से संबंधित प्रावधान / नियम / उप–नियम इन प्रावधानों की सीमा तक संशोधित समझे जाएंगे।'' तद्नुसार कार्यवाही करने का परमर्श दिया गया है। प्रकरण अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय** :–

10 अशैक्षणिक पदों में सीधी भर्ती के लिए जारी विज्ञापन को विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के गठन के परिप्रक्ष्य में निरस्त करते हुए 10 अशैक्षणिक पदों को भर्ती करने संबंधी प्रस्ताव विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक –10**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के कार्यपरिषद की 25वीं बैठक दिनांक 30.12.2019 के विषय क्रमांक–7 में बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को यात्रा भत्ता प्रदाय करने संबंधी निर्णय पर पुनर्विचार करने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप** :–

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को परीक्षा / गोपनीय एवं प्रशासनिक कार्य से समय–समय पर विश्वविद्यालय से सबंद्ध महाविद्यालयों / मूल्यांकन केन्द्रों एवं अन्य स्थानों में भेजा जाता है। बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में कर्मचारियों की कमी होने कारण उक्त कार्य के लिये दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों से ही करवाया जा रहा है।

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के कार्यपरिषद की 25वीं बैठक दिनांक 30.12.2019 के विषय क्रमांक – 7 में लिये गये निर्णयानुसार ''कार्यालयीन प्रवास हेतु अधिकृत नियमित कर्मचारी को अग्रिम प्रदाय कर प्रवास में संलग्न दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समान यात्रा भत्ता देय होगा तथा नियमित कर्मचारी उक्त अग्रिम राशि से समायोजन करने की स्वीकृति दी जाती है।'' संबंधी आदेश दिनांक 25.02.2020 को जारी किया गया है।

उक्त आदेश दिनांक 25.02.2020 पर नियमित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों द्वारा कुलसचिव एवं कुलपति महोदय के समक्ष निवेदन करते हुये निर्णय पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है।



17 MAR 2020

**निर्णय :—**

पूर्व निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को यात्रा भत्ता हेतु आवश्यकतानुसार अग्रिम राशि प्रदाय किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक —11**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में कार्यरत अधिकारी श्री सी.एल.टंडन, सहायक कुलसचिव को मोबाईल भत्ता प्रतिमाह रूपये 500/— प्रति माह अथवा वास्तविक व्यय प्रदान करने के संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :—**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में कार्यरत नवपदस्थ सहायक कुलसचिव श्री सी.एल. टंडन वर्तमान में स्थापना, प्रशासन, अकादमिक, विकास, पी—एच.डी. प्रकोष्ठ, सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ, शिकायत शाखा के प्रभारी अधिकारी है। उनसे प्राप्त आवेदन अनुसार विभिन्न विभागीय एवं कार्यालयीन कार्य से विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के विशेषज्ञों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों आदि से स्वयं के मोबाईल से सम्पर्क करना पड़ता है और विश्वविद्यालय में इंटरनेट सुचारू नहीं होने के कारण स्वयं के मोबाईल के इंटरनेट का उपयोग कर कार्यालयीन कार्यों का सम्पादन करना पड़ता है। अतः कार्यपरिषद की पूर्व बैठकों में अन्य अधिकारियों, सहायक ग्रंथपाल एवं कर्मचारियों को प्रदाय किये जा रहे मोबाईल भत्ता के अनुसार श्री सी.एल.टंडन, सहायक कुलसचिव को मोबाईल भत्ता प्रतिमाह रूपये 500/— प्रति माह अथवा वास्तविक व्यय विश्वविद्यालय मद से प्रदाय किया जा सकता है।

**निर्णय :—**

प्रस्ताव अमान्य किया गया।

**विषय क्रमांक —12**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में कार्यरत नियमित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को गोपनीय/संग्रहण एवं जोखिम भत्ता और निर्धारित समयावधि से अधिक कार्य लिये जाने पर अतिरिक्त पारिश्रमिक प्रदाय करने के संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :—**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में कार्यरत नियमित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों से प्राप्त संयुक्त आवदेन दिनांक 07.11.2019 का कृपया अवलोकन हो। पत्र में लेख किया गया है कि बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के परीक्षा/गोपनीय विभाग में कार्यरत नियमित एवं दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2010 से कार्यपरिषद में अनुमोदन पश्चात् प्रदाय किया जा रहा था। परन्तु वित्त शाखा में दैनिक वेतन पर कार्यरत श्री एम रहमान द्वारा उल्लेखित किये गये आपत्तियों के आधार पर वर्ष 2019 से गोपनीय/संग्रहण एवं जोखिम भत्ता प्रदाय नहीं किया जा रहा है।



17 MAR 2020

इसी प्रकार, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में परीक्षा एवं गोपनीय विभाग कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों से प्राप्त आवदेन 11.02.2020 कृपया अवलोकन हो। पत्र में लेख किया गया है कि बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में कार्यरत श्रमिक विगत कई वर्षो से पूरी ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सेमेस्टर/वार्षिक/पूरक परीक्षाओं के गोपनीय सामग्री को महाविद्यालयों, परीक्षा केन्द्रों, पहुॅचाने तथा आयोजित परीक्षाओं में उत्तर पुस्तिकाओं को महाविद्यालयों, परीक्षा केन्द्रों से संग्रहित कर मूल्यांकन हेतु मूल्यांकन केन्द्रों एवं परीक्षकों/मूल्यांकनकर्ताओं तक नियत समय में पहुॅचाने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण कार्यो को सुचारू रूप से कर रहे है। इन कार्यो को तय सीमा में संपादित करने के लिये सुबह चार बजे से कार्य पर उपस्थित होकर विभिन्न महाविद्यालयों में जाते है एवं देर रात्रि तक वापस आते है। परीक्षा कार्य के दौरान 7 से 8 घंटा अतिरिक्त कार्य करना पड़ता है। इस कार्य के लिये विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व के वर्षो में जोखिम भत्ता दिया जाता था। किन्तु विगत वर्ष 2019 में प्रस्तुत जोखित भत्ता पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गयी, जिससे हमें जोखित भत्ता नहीं दिया गया है।

**निर्णय :–**

विश्वविद्यालय परिनियम –02 Power of the Kulapati के अनुसार जोखिम भत्ता दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक –13**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को भर्ती में प्राथमिकता दिये जाने का प्रस्ताव कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड को प्रेषित करने के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों से प्राप्त संयुक्त आवदेन दिनांक 03.03.2020 का कृपया अवलोकन हो। पत्र में लेख किया गया है कि बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के परीक्षा/गोपनीय/अन्य विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के कर्मचारी बस्तर विश्वविद्यालय के स्थापना वर्ष 2008 से कार्यरत है। राज्य शासन द्वारा बस्तर संभाग में विशेष कर्मचारी चयन बोर्ड का गठन किया गया है। कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के गठन होने से बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर में लम्बी अवधि से कार्यरत कर्मचारियों का नियुक्ति हेतु किसी प्रकार का लाभ होता नहीं दिखाई दे रहा है, जो चिंता का विषय है। कुछ ऐसे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी हैं जिनकी आयु सीमा 45 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। उक्त कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कार्य परिषद् की बैठक में उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुये यह निवेदन किया गया है कि बस्तर विकास प्राधीकरण के अंतर्गत गठित विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड में इस विश्वविद्यालय को प्राथमिका हेतु उक्त कनिष्ठ चयन बोर्ड में उन्हें तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की सीधी भर्ती में हेतु प्रयास किया जाए।



17 MAR 2020

निर्णय :—

कार्यपरिषद की 17वीं बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया, परन्तु अकादमिक विभाग के कार्यालयीन अभिलेखों में कार्यपरिषद की 17वीं बैठक का एजेण्डा एवं कार्यवृत्त प्राप्त नहीं होने के कारण प्रकरण पुनः आगामी कार्यपरिषद में रखे जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक —14**

बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि प्रारूप एवं उपाधि लिफाफा मुद्रण का कार्योत्तर स्वीकृति एवं संबंधित फर्म द्वारा प्राप्त देयक GST सहित कुल राशि रू. 13,90,650/— (तेरह लाख नब्बे हजार छःसौ पचास) का भुगतान करने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :—**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा उपाधि प्रारूप एवं लिफाफा मुद्रण का निविदा प्रकाशित करवाया गया था। जिसमें स्वीकृत फर्म Offset Printing House, Chanakyapuri Colony, Satna (M.P.) से 19050 नग उपाधि फॉर्मेट एवं 19050 नग उपाधि लिफाफे मुद्रित करवाये गये हैं, इस हेतु फर्म को मुद्रणादेश क्रमांक/6658/भण्डार/ब.वि.वि./2019, जगदलपुर, दिनांक 18.11.2019 प्रेषित किया गया था। फर्म से त्रुटिरहित सम्पूर्ण सामग्री प्राप्त हो गया है। इस संबंध में फर्म से प्राप्त उपाधि लिफाफे का देयक क्रमांक 91, दिनांक 02.12.2019 जिसकी GST सहित राशि रू. 2,09,550/— (दो लाख, नौ हजार, पॉच सौ पचास) एवं उपाधि फॉर्मेट का देयक क्रमांक 92 दिनांक 02.12.2019 जिसकी GST सहित राशि रू. 11,81,100/— (ग्यारह लाख, इक्यासी हजार, एक सौ) मात्र लागत है अर्थात दोनो देयकों की कुल राशि रू. 13,90,650/— (तेरह लाख, नब्बे हजार, छः सौ पचास) मात्र भुगतान किया जा सकता है।

निर्णय :—

उपाधि प्रारूप एवं उपाधि लिफाफा मुद्रण का कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करते हुए Offset Printing House, Chanakyapuri Colony, Satna (M.P.) का देयक परीक्षण करते हुए GST सहित कुल राशि रू. 13,90,650/— (तेरह लाख, नब्बे हजार, छःसौ पचास) भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है।



17 MAR 2020

**विषय क्रमांक –15**

पुस्तक क्रय करने की कार्योत्तर स्वीकृति एवं प्राप्त देयकों का भुगतान करने की स्वीकृति के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

वर्ष 2019–20 में बस्तर विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के विभागों से प्राप्त सूची के आधार पर पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित किया गया। निविदा के आधार पर क्रय समिति के द्वारा चयनित फर्म Techniz Books International, Nehru Place, Kalkaji,New Delhi को पेपर बाउंड के पुस्तके क्रय करने हेतु क्रयादेश क्रमांक/6608/स्टोर/ब.वि.वि./2019–20, जगदलपुर, दिनाँकः 13.11.2019 प्रेषित किया गया। क्रयादेश के आधार पर पुस्तकें ग्रंथालय में प्राप्त हो रही है। जिनमें से अभी तक रू. 898767=00 (आठ लाख अंठानवे हजार सात सौ अड़सठ रूपये) की विभिन्न विभागों की पुस्तकें प्राप्त हो चुकी है।

**निर्णय :–**

पुस्तक क्रय करने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करते हुए देयकों का परीक्षणोंपरांत संबंधित फर्म को नियमानुसार भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक –16**

ग्रंथालय विस्तार करने की स्वीकृति के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

वर्तमान में बस्तर विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं में 10 विभाग संचालित है तथा आगामी वर्षों/सत्र में अन्य शैक्षणिक अध्ययनशाला में वृद्धि संभावित है। अकादमिक भवन में वर्तमान में लगभग 500 विद्यार्थी अध्ययनरत् है। उनके लिए केन्द्रीय ग्रंथालय में पाठन का क्षेत्र सीमित होने के कारण अध्ययन में असुविधा हो रही है। ग्रंथालय के एक हिस्से में कम्प्यूटर लैब भी संचालित है। वर्तमान में आवश्यकतानुसार पुस्तकें क्रय की जा रही है। ऐसी स्थिति में पुस्तकों को रखने के लिए तथा सुव्यवस्थित पाठन हेतु ग्रंथालय में पर्याप्त स्थान का अभाव है। अतः ग्रंथालय कक्ष का विस्तार किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

**निर्णय :–**

ग्रंथालय कक्ष का विस्तार करने हेतु लोक निर्माण विभाग से प्राक्कलन प्राप्त कर प्राक्कलन अनुसार ग्रंथालय कक्ष विस्तार करने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक –17**

वर्ष 2020 हेतु पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं को नये/नवीनीकरण करवाये जाने संबंधी देयकों का भुगतान किया गया है। उक्त प्रकरण सूचनार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

वर्ष 2020 हेतु पत्रिकाओं/शोध पत्रिकाओं को नये/नवीनीकरण करवाये जाने हेतु संबंधित प्रेषकों को राशि रू. 3,76,887=00 (तीन लाख छिहत्तर हजार आठ सौ सतासी रूपये) मात्र का डिमांड ड्राफ्ट निर्मित कर प्रेषित किया जाना है।

**निर्णय :–**

सूचना ग्रहण की गई।



17 MAR 2020

**विषय क्रमांक –18**

सत्र 2018–19 में विश्वविद्यालय के अनुपयोगी रद्दी कागजात का विक्रय राशि रूपये 7,94,063/– (सात लाख, चौरानवे हजार, तिरसठ) प्राप्त हुआ है। प्रकरण सूचनार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

सत्र 2018–19 में विश्वविद्यालय के अनुपयोगी रद्दी कागजात विक्रय हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निविदा जारी किया गया था। निविदा में स्वीकृत फर्म ''छत्तीसगढ़ इंटरप्राईजेस, दुर्ग'' को अनुपयोगी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाऐं, पुराने अनुपयोगी परीक्षा आवेदन पत्र, पुराने अनुपयोगी लिफाफे (खुले/बंद लिफाफे) कागज का विक्रय किया गया है। उक्त सामग्रियों के विक्रय से विश्वविद्यालय में कुल राशि रू. 7,94063=00 (सात लाख, चौरानवे हजार, तिरसठ) रू. प्राप्त हुआ है।

**निर्णय :–**

सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक –19**

पुस्तक क्रय निविदा विज्ञापन के संबंध छ.ग. संवाद, रायपुर द्वारा प्राप्त देयक राशि रू. 2,74,758/– भुगतान करने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

ग्रंथालय के लिए लगभग 50.00 लाख का पुस्तक क्रय करने का निविदा विज्ञापन छ. ग. संवाद, रायपुर के माध्यम से विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक/5601/ग्रंथालय/भण्डार/ब.वि.वि./2019–20 जगदलपुर दिनांक 07/08/2019 के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तर के बहुप्रचारित दो दैनिक समाचार पत्रों तथा (किसी दो शहर के संस्करणों में) राष्ट्रीय स्तर के दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाया गया। इस संबंध में छत्तीसगढ़ संवाद, नवा रायपुर, अटल नगर का इनवॉईस नम्बर 20191214345, दिनांक 11/12/2019 जिसकी GST सहित कुल राशि रू. 2,74,758=00 (दो लाख, चौहत्तर हजार, सात सौ अंठावन) मात्र प्राप्त हुआ है। उक्त देयक का भुगतान नियमानुसार किया जा सकता है।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक –20**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर का द्वितीय दीक्षांत समारोह दिनांक 02.02.2020 हेतु आमंत्रण कार्ड, उद्बोधन पुस्तिका तथा पल प्रतिपल विवरणिका का मुद्रण स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर से करवाया गया है। जिसकी कुल लागत GST सहित रू. 1,34,760=00 (एक लाख, चौंतीस हजार, सात सौ साठ) का कार्योत्तर स्वीकृति तथा भुगतान करने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।



17 MAR 2020

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह दिनांक 20 फरवरी 2020 को आयोजित की गई। निविदा के अंतर्गत स्वीकृत फर्म ''स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर''से मुद्रणादेश क्रमांक/773/भण्डार/ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 14/02/2020 के द्वारा दीक्षांत समारोह हेतु आमंत्रण कार्ड, माननीय कुलाधिपति महोदया, पद्मश्री प्रोफेसर (डॉ) अनिल कुमार गुप्ता, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री एवं माननीय कुलपति जी का उद्बोधन पुस्तिका तथा पल प्रतिपल विवरणिका का मुद्रण करवाया गया है। जिसकी कुल लागत GST सहित रू. 1,34760=00 (एक लाख, चौंतीस हजार, सात सौ साठ) नियमानुसार भुगतान किया जा सकता है।

**निर्णय :–**

कार्योत्तर स्वीकृति के साथ भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक –21**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर का द्वितीय दीक्षांत समारोह दिनांक 02.02.2020 हेतु कुल 258 नग गोल्ड मेडल निर्मित करवाया गया। इसकी कुल लागत रू. 4,90,200 =00 (चार लाख, नब्बे हजार, दो सौ) का कार्योत्तर स्वीकृति तथा संबंधित फर्म को भुगतान करने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह हेतु कुल 258 नग गोल्ड मेडल निविदा में स्वीकृत फर्म Dhanji Bhai Jewellers, Sadar Bazar, Raipur [C.G.] से निर्मित करवाया गया। प्रति गोल्ड मेडल निर्मित करने का मूल्य 1900 =00 (एक हजार, नौ सौ) मात्र है। इस हेतु फर्म को क्रय–कार्यादेश क्रमांक /7066/भण्डार/ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 03/01/2020 जारी किया गया। इसकी कुल लागत रू. 4,90200 =00 (चार लाख, नब्बे हजार, दो सौ) नियमानुसार भुगतान किया जा सकता है।

**निर्णय :–**

कार्योत्तर स्वीकृति के साथ भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक –22**

विभिन्न प्रपत्रों का मुद्रण केन्द्रीय जेल, जगदलपुर से कराया गया है जिसका लागत रू. 2,97,850=00 (दो लाख, संतानवे हजार, आठ सौ पचास) का कार्योत्तर स्वीकृति तथा भुगतान करने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।



17 MAR 2020

**विभागीय टीप :—**

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं में विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों की आवश्यकता होती है। इस हेतु प्रपत्र 01 से 06 सहित अन्य प्रपत्रों, लिफाफों के मुद्रण केन्द्रीय जेल जगदलपुर के मुद्रणालय से करवाया जा रहा है। इस हेतु केन्द्रीय जेल, जगदलपुर को मुद्रणादेश क्रमांक/861/भण्डार/ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 19/02/2020 प्रेषित किया गया है। उक्त कार्य की लागत रू. 2,97,850=00 (दो लाख, संतानवे हजार, आठ सौ पचास) मात्र है। यथोचित एवं पूर्ण सामग्रियां तथा देयक प्राप्त होने पर केन्द्रीय जेल जगदलपुर को देयक भुगतान किया जायेगा।

**निर्णय :—**

कार्योत्तर स्वीकृति के साथ भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक —23**

बस्तर विश्वविद्यालय के परीक्षा, कार्यालयीन आवश्यकता हेतु कार्यालय कलेक्टर, (प्रपत्र शाखा), जिला— बस्तर, जगदलपुर के द्वारा अनुशंसित फर्मो से कलेक्टर बस्तर द्वारा स्वीकृत सूची एवं दर पर आवश्यकतानुसार विभिन्न स्टेशनरी सामग्रियां केन्द्रीय भण्डार द्वारा क्रय की जाती हैं। किसी एक क्रयादेश में लागत रू. 1. 00 (एक लाख) से अधिक होने पर स्वीकृति/सूचना माननीय कार्यपरिषद को दी जाती है।

कृपया सूचनार्थ।

निर्णय :—

सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक —24**

विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान अनुसार विभिन्न फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिंटर, यू. पी. एस., फोटोकॉपीयर मशीन, सी.सी.टी.व्ही. एवं अन्य मशीनरी सामग्रियां आवश्यकतानुसार क्रय करने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :—**

बस्तर विश्वविद्यालय के अध्ययनशाला भवन में कुल 09 अध्ययनशाला संचालित हैं। जिनमें राष्ट्रिय सेवा योजना एवं क्रीड़ा शाखा के अन्य 02 विभाग भी संचालित है। इसी प्रकार प्रशासनिक भवन में माननीय कुलपति कार्यालय, कुलसचिव कार्यालय, सहायक कुलसचिव (परीक्षा), सहायक कुलसचिव (अकादमिक), वित्त अधिकारी कक्ष, सहायक ग्रंथपाल कक्ष सहित उनके अधिनस्थ शाखाऐं विभाग संचालित हैं। कार्यालयीन एवं शैक्षणिक गतिविधि के सुचारू संचालन हेतु संमय— समय पर विभिन्न सामग्रियों की मांग की जाती है। इस हेतु वित्तीय वर्ष 2019—20 में निर्धारित प्रारूप में सामग्रियों की आवश्यकता का सर्वे कराया गया है। जिसमें विभिन्न फर्नीचर, कम्प्यूटर, प्रिंटर, यू. पी. एस., फोटोकॉपीयर मशीन, सी.सी.टी.व्ही. एवं अन्य मशीनरी सामग्रियां की अत्यंत आवश्यकता बताई गई है।



17 MAR 2020

अतः इस हेतु माननीय कार्यपरिषद से यह अनुमति अपेक्षित है कि विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान के अनुसार उक्त सामग्रियों को क्रय करने हेतु नियमानुसार, उपलब्धता के आधार पर प्रथमतः CSIDC/ निविदा/GeM/भावपत्र द्वारा/ केन्द्रीय जेल, जगदलपुर से/ छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम अथवा विश्वविद्यालय विनियम 108 के क्रय प्रावधान के अन्तर्गत अन्य किसी नियमानुसार प्रक्रिया द्वारा सामग्रियां क्रय किये जा सकते हैं।

**निर्णय :–**

बजट प्रावधान अनुसार क्रय प्रक्रिया का पालन करते हुए आवश्यकतानुसार क्रय किये जाने का निर्णय लिया गया।

**विषय क्रमांक –25**

खेल कैलेण्डर सत्र 2019–20 के घोषित कार्यक्रम के अनुसार अंतर्विश्वविद्यालयीन इस्ट जोन एवं ऑल इंडिया इंवेंट्स के विभिन्न खेलो में भाग लिया गया। उक्त टीमों के लिए ट्रेकशूट, जर्सी (टी–शर्ट एवं निक्कर) जूते एवं अन्य खेल सामग्री निविदा के माध्यम से GST सहित कुल राशि रू. 4,19,794=00 (चार लाख, उन्नीस हजार, सात सौ चौरान्नवे) का क्रय किया गया है तथा संबंधित फर्म को भुगतान किया गया है। उक्त निविदा क्रय एवं भुगतान की कार्योत्तर स्वीकृति संबधी प्रकरण प्रस्तुत है।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की विश्वविद्यालयीन महिला एवं पुरूष की कुल 22 खेल टीम A.I.U. खेल कैलेण्डर सत्र 2019–20 के घोषित कार्यक्रम के अनुसार अंतर्विश्वविद्यालयीन इस्ट जोन एवं ऑल इंडिया इंवेंट्स के विभिन्न खेलो में भाग लिया गया। उक्त टीमों के लिए ट्रेकशूट, जर्सी (टी–शर्ट एवं निक्कर) जूते एवं अन्य खेल सामग्री क्रय करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निविदा किया गया था। जिसमें स्वीकृत फर्म Sunny Sport World, Balaji Ward, Jagdalpur को क्रयादेश क्रमांक/6221/भण्डार/ब.वि.वि./2019 जगदलपुर, दिनांक 26/09/2019 एवं क्रयादेश क्रमांक/6651/भण्डार/ब.वि.वि./2019, जगदलपुर दिनांक 18/11/2019 जारी किया गया। इस संबंध में फर्म के द्वारा प्राप्त देयक क्रमांक 391, 392 एवं 394 दिनांक 10/10/2019 एवं देयक क्रमांक 432, 433 दिनांक 26/11/2019 की GST सहित कुल राशि रू. 4,19,794=00 (चार लाख, उन्नीस हजार, सात सौ चौरान्नवे) मात्र भुगतान किया गया है।

**निर्णय :–**

किये गये भुगतान की कार्येत्तर स्वीकृति प्रदान किया गया।



17 MAR 2020

**विषय क्रमांक –26**

बस्तर विश्वविद्यालय के सत्र 2018–19 के विभिन्न खेल प्रतिभागियों को खेल सामग्री क्रय कर प्रदाय करने के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की विश्वविद्यालयीन महिला एवं पुरूष की कुल 13 खेल टीम A.I.U. खेल कैलेण्डर सत्र 2018–19 के घोषित कार्यक्रम के अनुसार इस्ट जोन के विभिन्न खेलो में भाग लिया गया। उक्त टीमों के लिए ट्रेकशूट, जर्सी (टी–शर्ट एवं निक्कर) जूते एवं अन्य खेल सामग्री क्रय करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बजट सीमा के अनुसार छ.ग. भण्डार क्रय नियम 2002 के अनुसार भावपत्र आमंत्रित करते हुये सामग्री क्रय कर प्रदाय किये गये किंतु सभी टिमों को उक्त सामग्रियां प्रदाय नहीं की जा सकी। इस हेतु पूर्व प्रतिभागी खिलाड़ियों के द्वारा मांग किया जा रहा है कि विगत वर्ष के अंतर्विश्वविद्यालयीन क्रीड़ा प्रतिभागी खिलाड़ियो को, जिन्हे ट्रेकशूट, जर्सी (टी–शर्ट), स्पोट्र्स एवं फुटबॉल शू नहीं दिये गये हैं।' उन्हे प्रदाय किया जाये।

उक्त सामग्रियों को क्रय करने पर अनुमानित लागत लगभग 4.00 (चार लाख) व्यय होने की संभावना है। निविदा में सामग्रियों का दर स्वीकृत है। बजट प्रावधान के अनुसार क्रीड़ा सामग्री क्रय कर प्रदाय किया जा सकता है।

**निर्णय :–**

प्रस्ताव अमान्य किया गया।

**विषय क्रमांक –27**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के मुख्य प्रवेश द्वार क्रमांक –1 एवं 2 के पास गार्ड रूम बनाये जाने के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में सुरक्षा के दृष्टिकोण से विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार क्रमांक –1 (शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर की ओर) एवं प्रवेश द्वार क्रमांक –2 (शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर के प्रवेश द्वार क्रमांक –2 की ओर) के पास गार्ड रूम बनाया जाना प्रस्तावित है। यदि मान्य हो तो लोक निर्माण विभाग, जगदलपुर से प्राक्कलन प्राप्त कर कार्य कराया जा सकता है।

**निर्णय :–**

लोक निर्माण विभाग, जगदलपुर से प्राक्कलन प्राप्त कर प्राक्कलन अनुसार निर्माण कार्य विश्वविद्यालय मद से कराये जाने का निर्णय लिया गया।



17 MAR 2020

**विषय क्रमांक –28**

माननीय अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कोई पूरक एजेण्डा।

**विषय क्रमांक –1**

वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2018–19 का मुद्रण की कार्योत्तर स्वीकृति एवं प्राप्त देयक की राशि जी.एस.टी. सहित रू. 2,04,488/– (दो लाख, चार हजार, चार सौ, अठ्यासी) स्मृति गैलेक्सी, इंडिया, जगदलपुर को भुगतान करने के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

विश्वविद्यालय के निविदा में स्वीकृत फर्म स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर से 329 बुक वार्षिक प्रतिवेदन पत्रिका 2018 –19 विश्वविद्यालय के मुद्रणादेश क्रमांक 6915/भण्डार/ब.वि.वि./2019–20, जगदलपुर, दिनांक 16/12/2019 द्वारा मुद्रित करवाया गया है। निविदा से फर्म का दर विश्वविद्यालय से दिसम्बर 2019 में स्वीकृत किया गया। फर्म ने अनुरोध करते हुये अनुबंध का समय जनवरी 2020 में करने का निवेदन किया। चूंकि वार्षिक प्रतिवेदन प्रत्येक वित्तीय वर्ष के समाप्ति के बाद 06 माह के भीतर विधानसभा पटल में प्रस्तुत करने हेतु उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय प्रेषित किया जाना चाहिए। अतः अनुबंध में संभावित विलम्ब होने के कारण एवं कार्य की महत्व को दृष्टिगत रखते हुये फर्म से अनुबंध की प्रत्याशा में फर्म को स्वीकृत न्यूनतम दर पर बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा 329 वार्षिक प्रतिवेदन बुक मुद्रणादेश जारी किया गया।

फर्म से प्राप्त दिनांक 20/12/2019 को 200 वार्षिक प्रतिवेदन पुस्तिका एवं 75 सी. डी. (पी. डी. एफ.) उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर मे प्रेषित कर दिया गया है, निर्देशानुसार शेष वार्षिक प्रतिवेदन तथा सी.डी. विश्वविद्यालय एवं संबंधित महाविद्यालयों, अध्ययनशालाओं एवं विभिन्न कार्यक्रमों में वितरित करने हेतु सुरक्षित रखा गया है।

इस तारतम्य में वार्षिक प्रतिवेदन पुस्तिका मुद्रण से संबंधित ''स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर'' से इनवॉइस क्रमांक 562, दिनांक 25/01/2020 प्राप्त हुआ है। जिसकी राशि जी.एस.टी. सहित रू. 196983=00 (एक लाख, छियान्नवे हजार, नौ सौ तिरासी) मात्र है। 215 नग सी.डी. में प्राप्त पी.डी.एफ फाईल के संबंध में इनवॉइस क्रमांक 577, दिनांक 25/01/2020 प्राप्त हुआ है, जिसकी जी.एस.टी. सहित लागत रू. 7505=00 (सात हजार, पांच सौ पांच) मात्र है। इस प्रकार दोनो देयक की कुल राशि जी.एस'टी. सहित रू. 2,04488=00 (दो लाख, चार हजार, चार सौ, अठ्यासी) मात्र भुगतान किया जा सकता है।

**निर्णय :–**

कार्योत्तर स्वीकृति के साथ भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है।



17 MAR 2020

**विषय क्रमांक –2**

बस्तर विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह को दृष्टिगत रखते विश्वविद्यालय दो प्रवेश द्वार में स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर के द्वारा ए.सी.पी. शीट, एक्रेलिक लेटर लगाकर आकर्षक बनाया गया है। उक्त कार्य की कार्योत्तर स्वीकृति एवं देयक की राशि रू. जी.एस.टी. सहित राशि रू. 3,66,921 =00 (तीन लाख, छैसठ हजार, नौ सौ इक्कीस) मात्र भुगतान संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह माननीय राज्यपाल महोदया, उच्च शिक्षा मंत्री सहित पद्मश्री प्रोफेसर (डा) अनिल कुमार गुप्ता जी एवं अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों के गरिमामयी उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपादित हुआ। विश्वविद्यालय परिसर में दो प्रवेश द्वार हैं। दोनों द्वार अत्यंत जर्जर एवं विश्वविद्यालय के गरिमा के अनुरूप नहीं होने के कारण निविदा में स्वीकृत दर परं फर्म स्मृति गैलेक्सि इंडिया, अग्रसेन चौक, जगदलपुर से उक्त दोनो प्रवेश द्वार में ए.सी.पी. शीट, एक्रेलिक लेटर लगाकर आकर्षक बनाया जा रहा है। उक्त कार्य से दोनो प्रवेश द्वार में कई वर्षो तक रंगरोगन की आवश्यकता नहीं है।

इस संबंध में फर्म को कार्यादेश क्रमांक 771/भण्डार/ब.वि.वि./2020, जगदलपुर, दिनांक 14/02/2020 जारी किया गया। फर्म के द्वारा उक्ताशय के कुल 08 इनवॉइस प्राप्त हुये हैं, जिनका क्रमांक 755,756, 757 दिनांक 25.02.2020] 904,909, [दिनांक 26.02.2020], 913 [दिनांक 28.02.2020] 914, 915 [दिनांक 29.02.2020] है। उक्त सभी इनवाईस की जी.एस.टी. सहित राशि रू. 3,66,921 =00 (तीन लाख, छैसठ हजार, नौ सौ इक्कीस) मात्र है।

अतः उक्त कार्य की कार्योत्तर स्वीकृति एवं कार्य पूर्ण होने पर इनवॉइस की राशि रू. जी.एस.टी. सहित राशि रू. 3,66,921 =00 (तीन लाख, छैसठ हजार, नौ सौ इक्कीस) मात्र भुगतान की अनुमति बाबत् विषय प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

कार्योत्तर स्वीकृति के साथ भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक –3**

बस्तर विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह दिनांक 20.02.2020 के आयोजन हेतु भोजन एवं जलपान व्यवस्था, ऑडियो विजुएल सिस्टम (लाईटिंग/माईक अन्य), साउंड सिस्टम– माईक सेट, बैठक व्यवस्था (टेंट/डोम) इत्यादि का कार्योत्तर स्वीकृति एवं Om Sai Event Management, Balaji Ward, Jagdalpur का संलग्न देयक जी.एस.टी. सहित कुल राशि रू. 29,76,495 =00 (उनतीस लाख, छिहत्तर हजार, चार सौ पन्चान्बे) भुगतान करने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।



17 MAR 2020

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह दिनांक 20 फरवरी को माननीया कुलाधिपति एवं राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके जी के गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन हेतु निविदा में स्वीकृत फर्म Om Sai Event Management, Balaji Ward, Jagdalpur के श्री दीपक कपूर तथा कुलसचिव, बस्तर विश्वविद्यालय के मध्य दिनांक 15/01/2020 को 22 कंडिकाओं में अनुबंध किया गया। जिसमें Hi Tea For VVIP, Lunch for VVIP, Lunch for Common, किराया ऑडियो विजुएल सिस्टम (लाईटिंग/माईक अन्य), साउंड सिस्टम– माईक सेट इत्यादि, बैठक व्यवस्था (टेंट/डोम इत्यादि) के कुल 07 विषय के विवरण पर उक्त फर्म को कार्यादेश क्रमांक 003/भण्डार–दीक्षांत/ब.वि.वि./2019–20 जगदलपुर, दिनांक 14/02/2020 जारी किया गया। इस संबंध में फर्म का देयक क्रमांक 149, 150, 151 एवं 152 दिनांक 12/03/2020 प्राप्त हुआ है। जिसकी जी. एस.टी. सहित कुल राशि रू. 29,76,495 =00 (उनतीस लाख, छिहत्तर हजार, चार सौ पन्चान्बे) है।

अतः उपर्युक्तानुसार कार्योत्तर स्वीकृति तथा देयक भुगतान की अनुमति बाबत् विषय प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

कार्योत्तर स्वीकृति के साथ भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक –4**

बस्तर विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह के पूर्व दिवस, दिनांक 19/02/2020 को रिहर्सल डे (पूर्वाभ्यास दिवस) हेतु भोजन एवं जलपान व्यवस्था, ऑडियो विजुएल सिस्टम (लाईटिंग/माईक अन्य), साउंड सिस्टम– माईक सेट, बैठक व्यवस्था (टेंट/डोम) इत्यादि का कार्योत्तर स्वीकृति एवं Om Sai Event Management, Balaji Ward, Jagdalpur का संलग्न देयकों का जी.एस.टी. सहित लागत रू. 2,42,083 =00 (दो लाख, बयालिस हजार, तिरासी) भुगतान करने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

बस्तर विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह के पूर्व दिवस, दिनांक 19/02/2020 को रिहर्सल डे (पूर्वाभ्यास दिवस) दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रस्तावित स्वर्णपदक धारी दीक्षार्थियों को आमंत्रित किया गया तथा दीक्षांत समारोह के गरिमागयी आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास दिवस के व्यवस्था हेतु स्वीकृत फर्म Om Sai Event Management, Balaji Ward, Jagdalpur को .विषय क्रमांक 05 (किराया ऑडियो विजुएल सिस्टम), 06 (साउंड सिस्टम, माईक सेट इत्यादि) एवं 07 (बैठक व्यवस्था, टेंट डोम इत्यादि) के समस्त विवरण पर उक्त फर्म को कार्यादेश क्रमांक 007/भण्डार–दीक्षांत/ब.वि.वि./2019–20 जगदलपुर, दिनांक 14/02/2020 प्रेषित किया गया। कार्योपरांत फर्म से प्राप्त देयक क्रमांक 145, 146, 148 दिनांक 11/03/2020 प्राप्त हुआ है। समस्त देयकों का जी.एस.टी. सहित लागत रू. 2,42,083 =00 (दो लाख, बयालिस हजार, तिरासी) मात्र भुगतान किया जा सकता है।



17 MAR 2020

**निर्णय :–**

कार्योत्तर स्वीकृति के साथ भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**विषय क्रमांक –5**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा सत्र 2017–18 एवं 2018–19 में Pre & Post Examination Processing work (Online Based) की बकाया राशि रू. 11,50,818/– (ग्यारह लाख, पचास हजार, आठ सौ अठारह) स्वीकृत फर्म MICS Bhopal को भुगतान करने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**विभागीय टीप :–**

सत्र 2017–18 एवं 2018–19 में विश्वविद्यालय के अनुबंधित शर्तों के अधीन स्वीकृत फर्म MICS Bhopal के द्वारा विश्वविद्यालय के कार्यादेश क्रमांक/5035/भण्डार/ब.वि.वि./2017–18 जगदलपुर, दिनांक 16.11.2017 एवं क्रमांक/2596/ब.वि.वि./2018–19 जगदलपुर, दिनांक 29.09.2018 के द्वारा समस्त Pre & Post Examination Processing work (Online Based) पूर्ण कर लिया गया है। अतः उक्त वर्षों का समस्त बकाया राशि रू. 11,50,818/– (ग्यारह लाख, पचास हजार, आठ सौ अठारह) भुगतान किया जा सकता है।

**निर्णय :–**

कार्योत्तर स्वीकृति के साथ भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

| | |
|---|---|
| कुलपति | कुलसचिव |
| बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.) | बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर (छ.ग.) |



17 MAR 2020